# पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का चतुर्थ वार्षिक समारोह- 2021

पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का वार्षिक समारोह 17 अप्रैल 2022 को सरकारी प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपुर कुशीनगर में आयोजित हुआ | समारोह की अध्यक्षता डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने की | इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रामचेत चौधरी, विशिष्ठ अतिथि डॉ. सीबी सिंह, श्री सुधीर शाही, डॉ. सुमन सिन्हा उपस्थित रहें |





समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान एवं तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ | इस समारोह में ग्रामीण युवाओं को रोजगार एवं ग्रामीण विकास की चुनौतियों पर चर्चा हुई | साथ ही साथ समारोह में पृथ्वीपुर सम्मान दिए गए | जिनमें

**श्री सुरेन्द्र शर्मा जी को अस्पतालों में निःशुल्क भोजन वितरण के लिए “राजदेव सिंह दूरदर्शिता सम्मान”, दिया गया |**

**श्रीमती पुष्पावती देवी ग्रामीण रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए “मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान”, दिया गया |**

**श्री आदित्य कुमार पटेल के युवा नवाचारी किसान एवं प्रेरक के रूप में कार्य करने हेतु “विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान”, दिया गया |**

**श्रीलालजी कुशवाहा के नवाचारी किसान एवं प्रेरक के रूप में कार्य करने हेतु “विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान”, दिया गया |**

**सुश्री सीमा कुशवाहा को समाज के वंचित तबकों के उत्थान करने हेतु “पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान”, दिया गया |**

**श्री मनोज कुमार सिंह तथा श्री राजीव दत्त पाण्डेय जी को ग्रामीण पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए "ग्रामीण पत्रकारिता सम्मान”, दिया गया |**



इसके अतिरिक्त 20 छात्र-छात्राओं को भागीदारी छात्रवृत्ति के तहत रुपये 1000-4000 तक के चेक वितरित किया गया |

## Class- 11

| Name of the school | Radhakrishna Memorial Intermediate College | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Fellowship |
| 1 | Ashish Chaturvedi | Shri Sunil Chaturvedi | Male | General | स्वर्गीय श्री महेंद्र कुमार जैन स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 4000 |

**Class- 9**

| Name of the school | Radhakrishna Memorial Intermediate College | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Fellowship |
| 1 | Anamika Madhayashya | Shri Muniv Madhayashya | Female | OBC | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 2 | Km Pooja Gaud | Sri Ramakant Gaud | Female | SC | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 3 | Ranjan Kumar | Sri Toofani Kharwar | Male | ST | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |






| Name of the school | **Divya Jyoti Educational Academy Dudhahi** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Fellowship |
| 1 | Muskan Khatoon | Indrish Ansari | Female | OBC | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 2 | Suraj Gupta | Shri Rakesh Gupta | Male | OBC | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 3 | Rupali Madhayashya | Shri Ritesh Madhyashaya | Female | OBC | स्वर्गीय श्री श्याम प्रसाद सिंह स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 4 | Sadiya Parween | Mohd Kamrooddin Siddiqui | Female | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 5 | Payal Chauhan | Shri Govind Chauhan | Female | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 6 | Shalu Jaiswal | Shri Priti Chandra Jaiswal | Female | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 7 | Mahak Kushwaha | Shri Ravindra Kushwaha | Female | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 8 | Nasiba Khatoon | Shri Samsul Mansoori | Female | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |

| Name of School | **Thakur Hariseshpratap Singh Intermediate College** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Amount of Fellowship |
| 1 | Haidar Ali | Yunus Ansari | Male | OBC | स्वर्गीय श्री ए.एन. ओझा स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 2 | Mantu Pal | Shri Shubas Pal | Male | OBC | स्वर्गीय श्रीमती सिंगारी देवी स्मृति भागीदारी छात्रवृति | 3000 |

| Name of School | Shri Pratap Narayan Intermediate college Jamuyan | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Amount of Fellowship |
| 1 | Astha Singh | Shri Late Ramchandra Singh | Female | General | परामर्श भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 2 | Karishma Mahdeshya | Shri Rajkumar Mahdeshya | Female | OBC | परामर्श भागीदारी छात्रवृति | 3000 |

| Name of School | Shri Ramashankar Intermediate college Dudhahi Kushinagar | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Amount of Fellowship |
| 1 | Ayush Singh | Shri Mantu Singh | Male | General | परामर्श भागीदारी छात्रवृति | 3000 |
| 2 | Simple Kushwaha | Shri Upendra Kushwaha | Female | OBC | पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति भागीदारी छात्रवृति | 1000 |

| Name of School | Shri Sitaram Intermedate College | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Scholar | Father name | Sex | Category | Name of fellowship | Amount of Fellowship |
| 1 | Saana Khatoon | Shri Yunus Ansari | Female | OBC | पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति भागीदारी छात्रवृति | 1000 |
| 2 | Muskan Bharti | Shri Omprakash Bharti | Female | SC | पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति भागीदारी छात्रवृति | 1000 |
| 3 | Deepu Mahdeshya | Shri Harindra Mahdeshya | Male | OBC | पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति भागीदारी छात्रवृति | 1000 |





इस समारोह के मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत डॉ. रामचेत चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया की ग्रामीण क्षेत्र की मिट्टी और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर बासमती और काला नमक की जैविक खेती लाभदायक होगी | उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी साझा की और सरकार की कृषि योजनाओं के बारे में ग्रामीणों और किसानों को बताया |







डॉ. सुमन कुमार सिन्हा ने मछली पालन के बारे में बताया और उसको कृषि के साथ जोड़कर कैसे मुनाफा कमाया जा सकता है, उसके बारे में विस्तार से चर्चा की | डा० सी. बी. सिंह सेंगर और श्री सुधीर शाही ने शिक्षा और जैविक खेती में किए जा रहे अपने कार्यों को सबके साथ साझा किया | सेवानिवृत जज राजिनंदन राय जी ने समिति के ग्रामीणों और ग्रामीण युवाओं के प्रति किये जा रहे कार्यों की सराहना की | प्रगतिशील किसान श्री पारसनाथ सिंह जी ने खेती के क्षेत्र में किये गए अपने प्रयासों और सफलताओं के अनुभव भी साझा किये |

अंत में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे डॉ. राणा प्रताप सिंह जी ने उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, किसान भाइयों, ग्रामीणों और युवाओ का समारोह में आने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया |










# 'वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से बढ़ेगी आय'

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरी श्रीराम के पृथ्वीपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन**

गौरी श्रीराम। क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में अभ्युदय समिति की तरफ से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित कर सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद प्रतिशील किसान और मेधावी छात्रों को सम्मानित किय गया।

मुख्य अतिथि डॉ. रामचेत चौधरी ने कहा कि काला नमक समेत फसलों की खेती के आर्गेनिक खेती के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाए संचालित की जा रही है। किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। डॉ. सुमन सिन्हा ने किसानों को मछली पालन के बारे में विस्तार से बताया। गोष्ठी को रिटायर्ड जज राजिनंदन राय, प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह, सुधीर सिंह आदि ने संबोधित किया। इसके बाद संगठन की तरफ से लालजी कुशवाहा, मनोज सिंह, राजीव दत्त पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, पुष्पावती देवी, सीमा कुशवाहा को क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता डॉ. सीबी सिंह ने की। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. राणा प्रताप सिंह, रणजीत सिंह, गोविंद मिश्रा ,आरती गुप्ता, संतोष कुशवाहा मौजूद रहे।

**समारोह** | पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का प्रा. विद्यालय में वार्षिक समारोह, मिट्टी , जलवायु का लाभ लेकर किसान हासिल कर सकते हैं ज्यादा लाभ

# किसान हुए सम्मानित, मेधावियों को मिली फेलोशिप

**आयोजन**

दुदही, हिन्दुस्तान संवाद। पृथ्वीपुरअभ्युदय समिति के तत्वावधान में शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपुर परिसर में संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों का सम्मानित करने के साथ मेधावी छात्रों को फेलोशिप दिया गया।



रविवार को संगोष्ठी व सम्मान समारोह में सम्मानित होती ग्रामीण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला।

दुदही ब्लॉक के पृथ्वीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में ग्रामीण विकास की चुनौतियां तथा युवाओं को रोजगार विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि डॉ रामचेत चौधरी ने मिट्टी तथा जलवायु के मद्देनजर बासमती चावल तथा काला नमक के ऑर्गेनिक खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने सरकार द्वारा खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

डॉ सुमन सिन्हा ने मछली पालन को खेती से जोड़कर उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। राजिनन्दन राय ने समिति के बेहतर कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने खेती के क्षेत्र में अपने अनुभव को साझा किया। प्रकृति प्रेमी सुधीर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संपदाओं का संरक्षण मनुष्य का परम दायित्व है। उन्होंने विभिन्न देशों के भ्रमण के दौरान कृषि अनुभवों को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह, आरडी पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा, पुष्पावती देवी, सीमा कुशवाहा, किसान लालजी कुशवाहा को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही इलाके के दर्जनभर मेधावी छात्रों को फेलोशिप प्रदान किया गया। अध्यक्षता डॉ सीबी सिंह ने की। आयोजक भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राणा प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रणजीत सिंह, गोविंद मिश्रा, आरती गुप्ता, संतोष कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# विकास की चुनौतियों व रोजगार पर हुई चर्चा

जासं, गौरीश्रीराम : दुदही विकास खंड के पृथ्वीपुर गांव में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति के तत्वावधान में ग्रामीण विकास की चुनौतियां तथा युवाओं को रोजगार विषय पर आयोजित संगोष्ठी अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. डा. रामचेत चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र की मिट्टी तथा जलवायु के मद्देनजर बासमती चावल की खेती के लिए कृषि से जुड़ी जानकारियां दी। उन्होंने कालानमक धान की ऑर्गेनिक खेती तथा सरकारी प्रोत्साहन की जानकारी दी। डा. सुमन सिन्हा ने मछली पालन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बताया। सेवानिवृत्त जज राजिनन्दन राय ने समिति के बेहतर कार्यों के लिए साधुवाद दिया। प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने अपने अनुभव को साझा किया। प्रकृति प्रेमी सुधीर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संपदा का संरक्षण मनुष्य का दायित्व है। उन्होंने विभिन्न देशों के अपने भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया। किसान लालजी कुशवाहा, मनोज सिंह, राजीव दत्त पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा, पुष्पावती देवी, सीमा कुशवाहा को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बारह मेधावी छात्रों को फेलोशिप प्रदान की गई। अध्यक्षता कर रहे डा. सीबी सिंह ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजक भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. डा. राणा प्रताप सिंह की प्रशंसा की। आयोजक ने आभार व्यक्त किया। रणजीत सिंह, गोविंद मिश्र, आरती गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिट्टी और जलवायु का सदुपयोग करें किसान

**किसान संगोष्ठी एव विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक कार्य किए व्यक्तियों का हुआ सम्मान**

**पडरौना/गौरी श्रीराम (एसएनबी)** । पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति के बैनर तले दुदही क्षेत्र के पृथ्वीपुर गाँव मे आयोजित संगोष्ठी तथा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डा. रामचेत चौधरी ने जुटे लोगों से अपने ग्रामीण क्षेत्र की सम्पन्न मिट्टी और जलवायु का सदुपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को सम्मानित भी किया गया।

प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास की चुनौतियां तथा युवाओं को रोजगार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र की संपन्न मिट्टी तथा जलवायु की चर्चा की। साथ ही उन्होंने बासमती चावल की खेती के लिए कृषि से जुड़ी जानकारियों को सामने रखा। बतौर विशिष्ट अतिथि मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डा. सुमन सिन्हा ने मछली पालन को खेती किसानी से जोड़कर उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। रिटायर्ड जज राजिनन्दन राय ने समिति के बेहतर कार्यों के लिए समिति को साधुवाद दिया। प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने खेती के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया। सुधीर शाही ने विभिन्न देशों के अपने भ्रमण के दौरान कृषि अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान किसान लालजी कुशवाहा, गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजीव दत्त पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा, पुष्पावती देवी तथा सीमा कुशवाहा को भी अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । इसके साथ ही समिति की तरफ से इलाके के दर्जनभर मेधावी छात्रों को फेलोशिप की राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. सी बी सिंह ने इन कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में आयोजक प्रो सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान रणजीत सिंह, गोविंद मिश्रा, आरती गुप्ता, अविनाश जायसवाल, सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे।





प्रगतिशील किसान लालजी कुशवाहा व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा सम्मान प्राप्त करते।

# पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का  तृतीय वार्षिक समारोह- 2019

17 नवम्बर,  2019 को पृथ्वीपुर- गौरिश्रीराम पुराना शिव मंदिर, दुदही (कुशीनगर )  के प्रांगण में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का तृतीय वार्षिक समारोह संपन्न हुआ I समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजवलन से की गयी I कुमारी लक्ष्मी भारती नें स्वागत गीत प्रस्तुत किया I इस समारोह में पृथ्वीपुर सम्मान, शिक्षा सहयोग, विचारगोष्ठी, कम्बल/मच्छरदानी  वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया I इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री नन्द किशोर गुप्ता, अवकाशप्राप्त पी. सी. एस. झारखण्ड एवं अध्यक्ष, डॉ वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, किसान पी . जी . कॉलेज, सेवरही थे I इस विचार गोष्ठी में किसानी, छोटे व्यापार एवं ग्रामीण शिक्षा की समस्याओं पर चर्चा हुई I समारोह में प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, डॉ चतुर्भुज सिंह, श्री सोनी- दुदही थानाध्यक्ष, श्री उपेन्द्र सिंह, श्री संतोष कुमार ने ग्रामीण विकास पर अपना संबोधन ग्रामीणों के उत्साह वर्धन के लिए किया I





इस समारोह में निम्नलिखित लोगो को समाज के लिए किए गए अनुकरणीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया

- **तृतीय राजदेव सिंह दूरदर्शिता सम्मान : डॉ. एस. के. प्रभु जी को** उनके द्वारा किए गए होमियोपैथी चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यो के लिए
- **तृतीय मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान : श्रीमती रौशन एहतेशाम** को स्वतंत्र लेखन और महिला उत्थान के लिए
- **तृतीय "विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान : श्री सुधीर कुमार शाही** को उनके द्वारा किए गए निर्धन बालिकाओं के विवाह करवाने हेतु
- **तृतीय "पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान : बहन कुमारी मीरा मिश्रा** को उनके द्वारा किए गए समाज के वंचित तबकों के उत्थान करने हेतु किए गए कार्यो के लिए
- **प्रथम "ग्रामीण पत्रकारिता सम्मान : श्री सूर्य प्रकाश राय , अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकारिता संघ, दुदही** को उनके द्वारा किए गए ग्रामीण पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए

इस समारोह में मेधावी निर्धन छात्र/ छात्राओ को वार्षिक स्कालरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किए गए ।

1. **कन्हैया** पुत्र **श्री उमेश प्रसाद** ग्राम **मुसहरटोली जंगल बेलवा पडरौना** जिला **कुशीनगर**
2. **कुमारी प्रीती चौधरी** पुत्री **श्री राजेश चौधरी** ग्राम **देवकीनगर बेलवा जंगल पडरौना** जिला **कुशीनगर**
3. **शिवम् कुमार सिंह** पुत्र **स्व० श्री धीरज सिंह** ग्राम **पृथ्वीपुर, दुदही** जिला **कुशीनगर**
4. **कुमारी लक्ष्मी** पुत्री **श्री राजेंद्र प्रसाद भारती** ग्राम **विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही** जिला **कुशीनगर**
5. **कुमारी पूजा** पुत्री **श्री राजेंद्र प्रसाद भारती** ग्राम **विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही** जिला **कुशीनगर**
6. **शिवम् मिश्रा** पुत्र **स्व० श्री कमलेश मिश्रा** ग्राम **चाफ** जिला **कुशीनगर**
7. **राहुल कुमार** पुत्र **श्री रविन्द्र रौनियार** ग्राम **बॉस गाँव, दुदही** जिला **कुशीनगर**





**श्री नितीश सिंह सेंगर, प्रधानाचार्य, श्री तेज प्रताप सिंह, सहायक अध्यापक, डॉ. राम लखन सिंह गौतम, सहायक अध्यापक ,प्राथमिक विदयालय, पृथ्वीपुर को शिक्षा के क्षेत्र में , श्री हरिगोपाल मिश्र श्री कामाख्या नारायण** को **श्री सुनील कुमार गुप्ता, श्री अभिनाश जैसवाल, श्री हेमंत कुमार, श्री सुजीत कुमार गुप्ता, श्री भरत कुशवाहा , श्री रमा शंकर सिंह, श्री सुनील कुमार गुप्ता को ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में, प्रगतिशील किसान श्री छोटे लाल कुशवाहा , श्री हरिगोविन्द मिश्र , श्री वीरेन्द्र कुशवाहा एवं वरिस्थ स्थानीय नागरिक** सर्वश्री वलिस्टर सिंह, बंका सिंह, गणेश मिश्रा भगवन कुशवाहा रमा शंकर मिश्रा, अम्बिका कुशवाहा, हरि नंदन सिंह, गुलाब पासवान को सम्मानित किया गया





छात्रों, शिक्षकों, स्थानीय लोगो के साथ साथ क्षेत्रीय पत्रकारों नें गोष्ठी में सक्रिय भागीदारी दिखाई I चयनित स्थानीय लोगो एवं पत्रकारों को भी उनके अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किया गया I स्थानीय छात्रों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया





कुशीनगर जागरण

# गांव में छिपी प्रतिभाओं की पहचान जरूरी : नंदकिशोर

## शिक्षित किसान ही जला सकता है गांव में विकास की

जागरण, संवाददाता, दुदही: कुशीनगर: आजकल गांव उपेक्षा के शिकार हो गये हैं। शिक्षित किसान ही गांव मे विकास की लौ जला सकते हैं। समग्र उत्थान के लिए गांव की छिपी प्रतिभा की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने, सम्मानित करने के लिए हम सभी को आगे आना गा। किसान को ही केंद्र बिंदु में रखना गा।

यह बातें रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी किशोर गुप्ता ने रविवार को कही। र मुख्य अतिथि पृथ्वीपुर शिवमंदिर सर में समावेशी विकास की ग्रामीण न की तृतीय सामाजिक एवं णिक विकास गोष्ठी को संबोधित रहे थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस भु ने कहा कि मनुष्य में कठिन से कार्य करने की क्षमता है। क्ष्य निर्धारित कर मनुष्य कर्म करे लता निश्चित ही मिलेगी। सुधीर शाही ने कहा कि खेती सबसे रोजगार है। अमूमन लोग नौकरी को सबसे अधिक महत्व देते हैं, लेकिन उनकी विचारधारा गलत है। कृषि से देश और व्यक्ति की पहचान होती है। खेती में अपार संभावनाएं हैं। रौशन एहतेशाम ने कहा कि मनोयोग से कर्म करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डा. वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आज हमारी संस्कृति का लोप हो रहा है। महिलाओं को खेती आदि कार्यों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। अंत में कहार जन विज्ञान की ब एवं समावेशी विकास की दो पुस्तकों का पृथ्वीपुर अभ्युदय स शिक्षक आदि को सम्म संचालन गोष्ठी के अ प्रताप सिंह ने की। सोनी, मीरा, हरि सुदामा कुशवाहा, सिंह, बद्रीनाथनाथ मौर्य आदि मौजूद र

गोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण • जागरण

# पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का  द्वितीय वार्षिक समारोह- 2018









01 दिसंबर,  2018 को ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इंटर कॉलेज, दुदही के प्रांगण में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ I इस अधिवेशन में श्री राजीनंदन राय, जिला जज जमशेदपुर ,बिहार मुख्य अतिथि थे एवं इसकी अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर उमेश वशिष्ठ नें की I इस विचार गोष्ठी में किसानी, छोटे व्यापार एवं ग्रामीण शिक्षा की

समस्याओं पर चर्चा हुई । प्रोफेसर उमेश वशिष्ठ एवं श्रीमती अनुराधा सिंह को वरिष्ठ पुरूस्कार तथा कुमारी आरती गुप्ता एवं श्री अनिल कुमार यादव को युवा वर्ग में सम्मानित किया गया। इसके  अतिरिक्त 04 मेधावी वालिकाओ एवं 02 बालको को वार्षिक छात्रवृति दी गयी । छात्रों, शिक्षकों, स्थानीय लोगो के साथ साथ क्षेत्रीय पत्रकारों नें गोष्ठी में सक्रिय भागीदारी दिखाई । चयनित स्थानीय लोगो एवं पत्रकारों को भी उनके अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किया गया ।

द्वितीय **"राजदेव सिंह दूरदर्शिता सम्मान (2018) : प्रोफेसर उमेश कुमार वशिष्ठ, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ** को उनके द्वारा  किए गए  शिक्षा में महत्वपूर्ण  सैधांतिक एवं सामाजिक कार्यो के लिए



**मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान (2018) : श्रीमती अनुराधा सिंह**, प्रधानाचार्य, विवेकानन्द विद्यालय, मुसहर टोली, बेलवा जंगल, पडरौना, जिला कुशीनगर को उनके द्वारा  लगभग दो  दशको से गरीब बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान का नेतृत्व करने के लिए

द्वितीय “**विक्रम सिंह कर्मठता पुरस्कार (2018) : श्री अनिल कुमार यादव,**
निवासी बांसगाँव, विकास खण्ड दुदही, जिला कुशीनगर को उनके द्वारा किए गए नशा मुक्ति अभियान के सफल प्रयासों हेतु

संस्था के द्वितीय “**पृथ्वीपुर तेजस्विता पुरस्कार (2018) : सुश्री आरती गुप्ता,**
**ग्राम- मठिया भोकरिया**, जिला कुशीनगर को उनके द्वारा किए गए समाज के वंचित तबकों में ग्रामीण शिक्षा एवं स्वच्छता के लिये प्रेरणा तथा सहयोग करने हेतु

इस समारोह में मेधावी निर्धन छात्र/ छात्राओ को वार्षिक स्कालरशिप सर्टिफिकेट (2018-19) प्रदान किए गए I



1. **कन्हैया** पुत्र **श्री उमेश प्रसाद** ग्राम **मुसहरटोली जंगल बेलवा पडरौना** जिला **कुशीनगर**
2. **कुमारी प्रीती चौधरी** पुत्री **श्री राजेश चौधरी** ग्राम **देवकीनगर बेलवा जंगल पडरौना** जिला **कुशीनगर**
3. **शिवम् कुमार सिंह** पुत्र **स्व० श्री धीरज सिंह** ग्राम **पृथ्वीपुर, दुदही** जिला **कुशीनगर**

4. कुमारी लक्ष्मी पुत्री श्री राजेंद्र प्रसाद भारती ग्राम विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही जिला कुशीनगर
5. कुमारी पूजा पुत्री श्री राजेंद्र प्रसाद भारती ग्राम विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही जिला कुशीनगर
6. कुमारी आंचल सिंह पुत्री स्व० श्री गोविन्द सिंह ग्राम पृथ्वीपुर, दुदही जिला कुशीनगर



हिन्दुस्तान गोरखपुर • रविवार • 02 दिसम्बर 2018 06

आधुनिक खेती करने से समृद्ध होंगे किसान

दुदही | हिन्दुस्तान संवाद

वार्षिक अधिवेशन
- किसान जैविक खेती कर दे सकते राष्ट्र को नई दिशा
- दुदही के इंटर कालेज में ग्रामीण विकास समावेशी पहल का दूसरा वार्षिक अधिवेशन

दुदही के ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इंटर कालेज में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति के तत्वावधान में ग्रामीण विकास की समावेशी पहल का दूसरा वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के उमेश वशिष्ठ ने कहा कि किसान शिक्षा के माध्यम से परिवार, समाज और देश का भला कर सकता है। किसानों को कृषि क्षेत्र में उन्नति एवं समृद्धि के लिये परंपरागत खेती को आधुनिक तकनीकी से करना होगा।

कृषि वैज्ञानिक व डा. भीमराव अंबेडकर विश्व विद्यालय के प्रो. राणा प्रताप सिंह ने कहा कि, किसान जैविक खेती के जरिये बेहतर उत्पादन कर राष्ट्र को नई दिशा दे सकते है। विशेषज्ञ से वार्ता कर एवं कृषि में मामूली प्रयोग कर किसान स्वंय की सभी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही इलाके का भी भला कर सकता है। जमशेदपुर के जज राजनंदन राय ने कहा कि किसानों को उचित पटल पर समस्याएं रखनी चाहिए। रिटायर्ड शिक्षक संघ के मंत्री अभिमन्यु प्रसाद ने पंचायत स्तर पर किसानों की टीम बनाने का सुझाव दिया।

प्रगतिशील किसान हरगोबिंद मिश्र, अनुराधा सिंह, शीला सिंह, दीनबंधु जायसवाल, भरत गुप्त ने भी विचार रखे।

अधिवेशन में अतिथियों को राजदेव सिंह दूरदर्शिता, मौलश्री गंगा गौरव, विक्रम सिंह कर्मठता एवं पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान से सम्मानित किया गया। संचालन दीनबंधु जायसवाल ने किया। इस अवसर पर रामशंकर सिंह, उपेंद्र प्रताप, रामेश्वर सिंह, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते आयोजक। • हिन्दुस्तान



पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का दूसरा वार्षिक अधिवेशन

गांव समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा-राणा

दुदही कुशीनगर (दुदही नगर स्थित ठाकुर हरिकेश प्रताप इंटर मिडियट कालेज दुदही के प्रांगण में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति एवं समावेशी विकास की ग्रामीण पहल का दूसरा वार्षिक अधिवेशन शनिवार को संपंन हुआ। शनिवार को पूर्व सूचना के अनुसार अधिवेशन की शुरुआत सर्व प्रथम माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रथम चरण में विचार गोष्ठी में बोलते हुए न्यायाधीश राजनंदन राय ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति के दूसरे वर्ष में प्रवेश पर प्रोफेसर डा राणा प्रताप सिंह को साधुवाद देता हूं। इनके द्वारा गांव को समृद्धिशाली बनाने के लिये जो पहल शुरु किया गया है निश्चित रुप से हमारा दुदही समृद्ध होगा। कार्यक्रम के आयोजक डा राणा प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में सर्व प्रथम मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गांव समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने कृषि के वैज्ञानिक पहलू पर विस्तार से चर्चा किये।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज में अच्छे कार्य कृषि क्षेत्र शिक्षा व समाज सेवा आदि के लिये सम्मानित किया गया। अधिवेशन के तीसरे चरण में जरुरत मंद छात्रों को वार्षिक अनुदान दिया गया। अधिवेशन का संचालन दीनबंधु जायसवाल ने किया। अधिवेशन में उमेश वशिष्ठ प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह अभिमन्यु प्रसाद हरगोबिंद मिश्र पूर्व प्रधान रामेश्वर सिंह हरकेश सिंह भरत प्रसाद गुप्ता रमाशंकर सिंह उपेन्द्र राव जीतेन्द्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बातचीत से बड़ी समस्या सुलझेगी-राजनंदन राय

भाजपा के पद यात्रा से विरोधी दलों का सफाया होगा–डा.जीतेन्द्र प्रताप राव

अधिकारियों के लापरवाही से फल -

परिषदीय विद्यालय हॉस्पिटल व आंग



गांवों के विकास को स्पष्ट नीति की जरूरत : डा. उमेश

जागरण संवाददाता, दुदही, कुशीनगर : हरिकेश इंटर कालेज दुदही में शनिवार को पृथ्वीपुर अभ्युदय एवं समावेश विकास की ग्रामीण पहल के दूसरे वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डा. उमेश वशिष्ठ ने कहा कि गांवों के विकास के लिए स्पष्ट नीति की जरूरत है। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, लौकिक ज्ञान से वंचित, उपेक्षित एवं शोषित आबादी गांवों में रहती हैं। विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रांत के जमशेदपुर के जिला जज राजनन्दन राय ने कहा कि व्यक्ति खुद का विकास कर सकता है। ईमानदारी के साथ की गई मेहनत से किसी भी मंजिल को पाया सकता है। कृषि विश्वविद्यालय लखनऊ के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डा. राणा प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा और शिक्षा के माध्यम से उन्हें जागरूक करना महत्वपूर्ण कार्य है। शासन से मिले धन का बंदरबांट रोकना होगा। डा. अनुराधा सिंह ने कहा कि मेरे पति डा. सीबी सिंह मुसहर समुदाय के गरीब लोगों की सेवा कर रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया अध्यक्षता उपेंद्र राव व संचालन दीनबंधु जायसवाल ने किया। आयोजक डा. राणा प्रताप ने शिक्षा, समाजसेवा, प्रगतिशील किसान, व पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले हरिगोविंद मिश्रा, संजय आदि को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते डॉ. उमेश वशिष्ठ



ग्रामीण विकास के लिए विचारों का आदान-प्रदान जरूरी : जिला जज

दुदही (एसएनबी)। पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति लखनऊ के तत्वाधान में समावेशी विकास की ग्रामीण पहल कार्यक्रम का आयोजन दुदही स्थित ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इण्टरमीडिएट कालेज में किया। जिसमें कृषि पर विचार गोष्ठी, मेधावी गरीब तबके के छात्रों को पढ़ाई के लिए संस्था की तरफ से छात्रवृति, किसानों तथा समाजितक कार्यकर्त्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखण्ड के टाटा जगशेदपुर के जिला जज राजीनन्दन राय ने जनहित से जुड़े इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गांव में समस्याओं का अम्बार है। इसके समाधान के आवश्यक है कि गांव के किसान तथा लोग आपस में विचार-विमर्श करे। आपस में विचार-विशर्म के द्वारा बड़ी से बड़ी समसस्याओं का सरलता से समाधान किया जा सकता है। श्री राय ने संस्था के कार्यों से उत्साहित होकर क्षेत्र के पांच मेधावी गरीब छात्रों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग करने की घोषणा किया। विशिष्ठ अतिथि विश्व विद्यालय लखनऊ के प्रोफेसर डा. वशिष्ठ सिंह ने कहा कि भारत की पहचान गांव और किसान से है। लेकिन वर्तमान परिवेश में किसान अत्यधिक रसायनिक खादों का प्रयोग कर खेती का गला घोट रहे है। किसानों को रसायनिक खादों के स्थान पर बर्मी खाद ( गोबर खाद ) का इस्तेमाल कर करे। जिससे स्वास्थ्य और वातावरण पर कोई प्रतिकुल प्रभाव ने पड़े। कार्यक्रम में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति द्वारा मेधावी छात्र कुमारी पूजा भारती, कुमारी लक्ष्मी भारती सहित आधा दर्जन गरीब तबके के छात्रों को छात्रवृति प्रदान किया गया। साथ ही पूर्व प्रधान रामेश्वर सिंह, शिक्षक आरती गुप्ता, शिक्षक अभिमन्यू प्रसाद,, किसान हरिगोविंद मिश्रा, संजय कुशवाहा, अनिल यादव, समाजसेवी दीनबंधु जायसवाल सहित क्षेत्रीय पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुराधा सिंह, मनोज साहा, भरत गुप्ता ऐडवोकेट, ओमप्रकाश सिंह, हरिकेश सिंह, उमेश सिंह, सन्तराज सिंह, विभूति सिंह, उपेन्द्र राव, जितेन्द्र सिंह, शीला देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अन्त में कार्यक्रम के आयोजक केन्द्रीय विश्वविद्यालय भीम राव अम्बेडकर लखनऊ के प्रोफेसर डा. राणा प्रताप सिंह ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम को अनवरत करते रहने का आश्वासन दिया।

आमरण अनशन जारी

मथौली बाजार/झांगा बाजार। विकास खण्ड मोतीचक अन्तर्गत छोटी गण्डक नदी के अथरहां-पिपरहिया घाट पर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। अनशनकारी का हालचाल लेने कोई सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा। वही दिन के दो बजे सीएचसी मथौली बाजार के चिकित्सक डा. सरफयाज अहमद ने अनशनकारी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अनशन कर्त्ता धनेश मिश्रा ने बताया कि अनशन अनवरत जारी रहेगा।

# पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का प्रथम वार्षिक समारोह- 2017






19 नवम्बर, 2017 को ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इंटर कॉलेज , दुदही, कुशीनगर के प्रांगण में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति , लखनऊ का प्रथम वार्षिक समारोह संपन्न हुआ I समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजवलन से की गयी I इस समारोह में पृथ्वीपुर सम्मान, शिक्षा सहयोग, विचारगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया I इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, किसान पी . जी . कॉलेज, सेवरही थे I इस विचार गोष्ठी में किसानी, छोटे व्यापार एवं ग्रामीण शिक्षा की समस्याओं पर चर्चा हुई I समारोह में प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, डॉ चतुर्भुज सिंह, श्री उपेन्द्र सिंह ने ग्रामीण विकास पर अपना संबोधन ग्रामीणों के उत्साह वर्धन के लिए किया I



प्रथम "राजदेव सिंह दूरदर्शिता सम्मान (2017) : **डा० वेद प्रकाश पाण्डेय**, पूर्व प्राचार्य, किसान पी. जी. कॉलेज, तमकुही रोड, जिला कुशीनगर (निवासी बालापुर, गोरखपुर) को उनके द्वारा  किए गए साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यो के लिए



प्रथम " मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान (2017) : **श्रीमती इन्द्र ज्योति देवी**, चेयरपर्सन केन यूनियन एवं प्रबन्धक, आदर्श एंग्लो इंटरमीडिएट कॉलेज, दुदही, जिला कुशीनगर को उनके द्वारा  महत्वपूर्ण नेतृत्व प्रदान करने के लिए



**प्रथम “विक्रम सिंह कर्मठता पुरस्कार (2017):** **श्री संजय कुशवाहा,** निवासी चाफ, विकास खण्ड दुदही, जिला कुशीनगर को उनके द्वारा किए गए कृषि से आय बढ़ाने के लिये प्रगतिशील एवं सफल प्रयासों हेतु



प्रथम “**पृथ्वीपुर महिला नेतृत्व पुरस्कार (2017) : सुश्री प्रिती भारती** ग्राम **विंदवालिया (मुसहर टोली ), जिला कुशीनगर** को उनके द्वारा किए गए समाज के वंचित तबकों में ग्रामीण शिक्षा एवं स्वच्छता के लिये प्रेरित करने हेत





इस समारोह में मेधावी निर्धन छात्र/ छात्राओ को वार्षिक स्कालरशिप सर्टिफिकेट (2017-18) प्रदान किए गए I

1. **कन्हैया** पुत्र **श्री उमेश प्रसाद** ग्राम **मुसहरटोली जंगल बेलवा पडरौना** जिला **कुशीनगर**
2. **कुमारी प्रीती चौधरी** पुत्री **श्री राजेश चौधरी** ग्राम **देवकीनगर बेलवा जंगल पडरौना** जिला **कुशीनगर**
3. **शिवम् कुमार सिंह** पुत्र **स्व० श्री धीरज सिंह** ग्राम **पृथ्वीपुर, दुदही** जिला **कुशीनगर**
4. **कुमारी लक्ष्मी** पुत्री **श्री राजेंद्र प्रसाद भारती** ग्राम **विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही** जिला **कुशीनगर**
5. **कुमारी पूजा** पुत्री **श्री राजेंद्र प्रसाद भारती** ग्राम **विशुनपुर बरिया पट्टी, दुदही** जिला **कुशीनगर**
6. **श्री गोल्डी जयसवाल , दुदही** जिला **कुशीनगर**

11/13/2017 Hindustan E-paper

epaper हिन्दुस्तान




सम्मान समारोह को संबोधित करते डा. वेदप्रकाश तिवारी • हिन्दुस्तान

11/13/2017 मेधावी छात्रों, किसानों और साहित्यकारों का हुआ सम्मान

epaper हिन्दुस्तान

## मेधावी छात्रों, किसानों और साहित्यकारों का हुआ सम्मान

**दुदही।** समावेशी विकास की ग्रामीण पहल के तत्वावधान में पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति लखनऊ द्वारा दुदही के हरिकेश प्रताप इंटर कालेज में गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों, किसानों व साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कृषि निदेशक रामसनेही द्विवेदी ने कहा कि आज विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है जिससे वे राष्ट्र के विकास में सहयोगी बन सकें। इसमें शिक्षकों की भूमिका अहम है। अध्यक्षता कर रहे किसान डिग्री कालेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डा. वेदप्रकाश पांडेय ने कहा कि बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किए जाने से निश्चित ही अन्य लोगों को प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक व अंबेडकर विश्वविद्यालय के डीन डा. राणा प्रताप सिंह को साधुवाद दिया। समारोह को आकाशवाणी के विवेक पांडेय, उपेन्द्र राव, गोविन्द मिश्रा, डा. सीबी पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। जबकि संचालन संयोजक डा. राणा प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान अभिमन्यु प्रसाद, शम्भू राय, रामेश्वर सिह, संजय सिंह, भगवान पटेल, जीतेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, बदरी सिह, वीरेन्द्र यादव, करीमजहा खां आदि मौजूद रहे।